an>

Title: Regarding ban on movies on religion ground and role of Censor Board.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): सभापति महोदय, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का यहां मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद । कल रात जब फीफा वर्ल्ड कप में हमारे देश की अभिनेत्री फीफा ट्राफी का कर्टन रेज़र कर रही थीं, तो हमारा दिल वाकई गदगद हो गया और हौसला बढ़ गया । इस देश में पिछले दिनों देखने में आया है कि रंग को भी धर्म के आधार पर बांट रहे हैं । रंग के नाम पर फिल्मों को बैन करने की एक नई प्रथा शुरू हो गई है ।

महोदय, इस देश के कई कलाकारों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस देश की प्रतिष्ठा बढ़ाई है, यह किसी से छिपा नहीं है । यह एक नया डिस्कोर्स इस देश में शुरू हो गया है कि सत्ता पक्ष के लोग फिल्म बैन करने की मांग करते हैं । आपने सेंसर बोर्ड क्यों बना रखा है? मैं उल्मा बोर्ड के हजरत का एक बयान पढ़ रहा था, वे भी कह रहे हैं कि जो ...* और ... * की फिल्म आई है, यह बैन करनी चाहिए ।... (व्यवधान)

माननीय सभापति: नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा ।

... (व्यवधान)

कुंवर दानिश अली: मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि फिल्मों को बैन करने का काम सेंसर बोर्ड का है । सदन के अंदर कई ऐसे कलाकार साथी, सदस्य हैं, जिन्होंने भगवा रंग के साथ कलाकारी का अपना हुनर दिखाया और शायद इसी हुनर को देखते हुए, वे आज इस सदन के अंदर आए हैं । ... (व्यवधान) मैं समझता हूं कि सनातन धर्म इतना कमजोर नहीं है कि एक रंग का कपड़ा पहनकर अगर कोई कलाकार एक्ट करता है तो धर्म संकट में आ जाएगा । ... (व्यवधान) इस्लाम इतना कमजोर धर्म नहीं है कि कोई फिल्म में एक सीन से धर्म खतरे में आ जाएगा ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि आप यह डायरेक्शन दें कि जो फिल्म सेंसर बोर्ड से रिलीज होती है, उस फिल्म के बारे में इस तरीके की धमकी न दी जाए ।

[کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، آپ نے مجھے ایک بہت اہم مُدعہ اُٹھانے کا موقع دیا اس کے لئے آپ کا بہت شکریہ۔ کل رات جب فیفا ورلڈ کپ میں ہمارے ملک کی ایک ایکٹریس فیفا ورلڈ کپ کا کرٹین ریزر کر رہی تھی تو ہمارا دِل واقعی گد گد ہو گیا اور حوصلہ بڑھ گیا۔ اس ملک میں پچھلے دنوں دیکھنے میں آیا کہ رنگ کو بھی مذہب کی بنیاد پر بانٹ رہے ہیں۔ رنگ کے نام پر فلموں کو بین کرنے کی ایک نئی پرتھا شروع ہو گئی ہے۔

محترم چیرمین صاحب، اس ملک کے کئی اداکاروں نے بین الاقوامی سطح پر اس ملک کا نام روشن کرا ہے یہ کسی سے چھُپا نہیں ہے۔ یہ ایک نیا ڈِسکورس اس ملک میں شروع ہو گیا ہے کہ حکمراں پارٹی کے لوگ فلم بین کرنے کی مانگ کرتے ہیں۔ آپ نے سینسر بورڈ کیوں بنا رکھا ہے؟ میں علماء بورڈ کے حضرت کا ایک بیان پڑھ رہا تھا، وہ بھی کہہ رہے ہیں کہ جو (کاروائی میں شامل نہیں) کی فلم آئی ہے، وہ بین کرنی چاہئیے (مداخلت)...

میں صرف اتنا کہنا چاہتا ہوں کہ فلموں کو بین کرنے کا کام سینسر بورڈ کا ہے۔ ایوان کے اندر کئی ایسے اداکارساتھی، ممبر ہیں، جنہوں نے بھگوا رنگ کے ساتھ کلا کاری کا اپنا ہنر دِکھایا، اور شاید اسی ہُنر کو دیکھتے ہوئے وہ آج اس ایوان میں آئے ہیں۔ (مداخلت).. میں سمجھتا ہوں کہ سناتن دھرم اتنا کمزور نہیں ہے کہ ایک رنگ کا کپڑا پہن کر اگرکوئی کلاکار ایکٹ کرتا ہے تو دھرم سنکٹ میں آجائےگا (مداخلت)۔ اسلام اتنا کمزور مذہب نہیں ہے کہ کوئی فلم میں ایک سین سے مذہب خطرے میں آجائے گا۔

میری آپ کے ذریعہ سرکار سے مانگ ہے کہ آپ یہ ڈائریکشن دیں کہ جو فلم سینسر بورڈ سے ریلیز ہوتی ہے، اس فلم کے بارے میں اس طرح کی دھمکی نہ دی جائے۔]